अगर आप सही हो तो कुछ सही साबित करने की कोशिश ना करो बस सही बने रहो गवाही खुद वक्त देगा

MPHIN/2009/34626

यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक174 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी शुक्रवार 22 मार्च 2024 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ 4

पृष्ठ-2 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

चार सौ पार का नारा कार्यकर्त्ता के परिश्रम से पूर्ण होगा – कुलस्ते

केवलारी यशोः- हमारे पूर्वजों ने मंदिर टूटते हुए देखा, हम सौभाग्यशाली हैं कि हमने मंदिर बनते हुए देख देखा और भव्य राम मंदिर का निर्माण कर वहाँ रामलला की प्रतिष्ठा की इस गौरवशाली दृश्य के हम सब साक्षी बने और अयोध्या में भगवान रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का आमंत्रण ठुकराने वाले जनता से वोट मांगने का अधिकार खो चुके हैं। भाजपा का कार्यकर्ता नारी शक्ति के लिए अपनी कुर्सी छोडता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने नारी शक्ति की सुरक्षा के लिए कई उल्लेखनिय कार्य किये है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का एक ही सकल्प है ''सबका साथ-सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास है और इसी भावना का प्रतिफल है कि भारतीय जनता पार्टी नित नई ऊचाईयों को छू रही है और भाजपा के विरोधी गर्त में जा रहे । इस आशय की बात मंडला लोकसभा से प्रत्याशी केन्द्रीय राज्य मंत्री फग्गनसिंह कुलस्ते ने केवलारी विधानसभा क्षेत्र के कान्हीवाड़ा, केवलारी उगली और विधानसभा के अंतर्गत आने वाले मंडलों के कार्यकर्त्ताओं को संबोधित करते हुये कहीं।

श्री कुलस्ते के इस प्रवास के दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक दुबे, भाजपा के वरिष्ठ नेता वेदसिंह ठाकुर, केवलारी के पूर्व विधायक राकेश पालसिंह, किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष देवीसिंह बघेल सहित मंडलों के अध्यक्ष और वरिष्ठ नेतागण उपस्थित रहे ।

श्री कुलस्ते ने कहा कि इस बार भारतीय जनता पार्टी ने चार सौ पार का नारा दिया है और यह नारा मोदी सरकार के कार्यो तथा कार्यकर्त्ताओं पर अटूट विश्वास की ताकत पर दिया गया है । कार्यकर्त्ता पूरी क्षमता से लोकसभा चुनाव में बड़ी जीत दर्ज कराने के लिये जुट जाये और भाजपा के चार सौ पार के संकल्प को पूरा करें ।

पार्टी की निर्धारित योजना से चुनाव में बड़ी जीत होगी सुनिश्चित-आलोक

भाजपा जिलाध्यक्ष आलोक दुबे ने कार्यकर्त्ताओं को केवलारी एवं कान्हीवाड़ा में संबोधित करते हुये कहा कि हमारी ताकत पार्टी के कार्यक्रम है पार्टी के द्वारा निर्धारित किये गये कार्यो को पूरी चिंता के साथ करने से पार्टी की बड़ी जीत सुनिश्चित होगी । श्री दुबे ने कहा कि पार्टी द्वारा अभी चल रहे बूथ विजय संकल्प अभियान के सभी दसों चरणो को समय पर पूर्ण करें और लाभार्थी संपर्क अभियान को गति प्रदान करते हुये केन्द्र और प्रदेश सरकार जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित परिवारों से संपर्क तेजी से करें। श्री दुबे ने कहा कि क्षेत्र में ऐसा कोई परिवार नहीं है जिसे शासन की योजना का लाभ नहीं मिला । लाभार्थी संपर्क अभियान लोकसभा चुनाव में जीत का बड़ा आधार है । हमारी सरकार ने जनकल्याण के ऐतिहासिक कार्य किये है और विकास की योजनाओं के माध्यम से हर व्यक्ति को लाभांवित करने का प्रयास किया है । कल्याणकारी योजनाओं की पहुँच इतने बड़े पैमाने में भाजपा की सरकार के पूर्व कभी नहीं रही है । श्री दुबे ने कहा कि केवलारी विधानसभा के कार्यकर्त्ता पूरी ताकत से लोकसभा क्षेत्र में जुट जाये और जीत का बड़ा रिकार्ड कायम करें ।

हमारी सरकार ने जनकल्याण के व्यापक कार्य किये – पाल

केवलारी के पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने कहा कि अबकी बार चार सौ पार के नारे को हमें पूरा करने के लिये मंडला लोकसभा में जीत सुनिश्चित करना आवश्यक है सभी कार्यकर्त्ता एक जुटता के साथ मोदी सरकार एवं प्रदेश सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को केन्द्र में रखकर जनता से संपर्क करें और भाजपा के कार्यकाल में हुये ऐतिहासिक कार्यो को बताये । श्री पाल ने कहा कि हमारी सरकार ने देश का सम्मान बढाने वाला कार्य किया है तो जनता के कल्याण की भी व्यापक चिंता की है । केवलारी विधानसभा के कान्हीवाड़ा एवं केवलारी में शक्तिकेन्द्र एवं बूथ लेबल तक कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे जिनमें चुनाव को लेकर भारी उत्साह रहा ।

ओला प्रभावित किसानों के खेतों में पहुँचे कुलस्ते

श्री कुलस्ते ने आज अपने केवलारी विधानसभा क्षेत्र के प्रवास के दौरान सबसे पहले क्षेत्र में हुई ओलावृष्टि से प्रभावित किसानों से चर्चा की और प्रभावित किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी नुकसानी के संबंध में वे प्रदेश के मु यमंत्री डां. मोहन यादव से शुक्रवार को मंडला आगमन पर चर्चा करेंगे और आग्रह करेंगे कि किसानों का किसी प्रकार का अहित न हो । श्री कुलस्ते ने कहा कि प्रदेश की सरकार बहुत ही संवेदनशील सरकार है किसानों को उनके सर्वे के लिये प्रशासनिक अमले को निर्देशित कर चुकी है तथा खेतो में सर्वे का काम भी हो रहा है ।

[illegible]

*मु यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष वी डी शर्मा की उपस्थिति में मण्डला लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते भरेंगे नामांकन
* मु यमंत्री व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष जनसभा को करेंगे संबोधित
*भाजपा जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में शामिल होंगे मु यमंत्री व प्रदेशाध्यक्ष

मंडला यशोः- प्रदेश के मु यमंत्री डॉ मोहन यादव एवं प्रदेश अध्यक्ष बी डी शर्मा का 22 मार्च को जबलपुर से सड़क मार्ग द्वारा मण्डला आगमन दोपहर 12 बजे होगा। मु यमंत्री डां. यादव रपटा घाट में नर्मदा पूजन करेंगे। तत्पश्चात रानी दुर्गावती की मूर्ति पर पुष्पांजलि अर्पित कर सभा स्थल पहुंचेंगे। दोपहर 1:00 बजे निषाद राज भवन स्टेडियम के पास स्थित मैदान में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में जनसभा को संबोधित करेंगे,साथ ही फग्गन सिंह कुलस्ते के समर्थन में आयोजित नामांकन रैली में शामिल होंगे। मंडला लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी फग्गन सिंह कुलस्ते मु यमंत्री डॉ मोहन यादव प्रदेश अध्यक्ष वी.डी. शर्मा, कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, राष्ट्रीय मंत्री विधायक ओमप्रकाश धुर्वे, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी, अवधराज बिलैया, आलोक दुबे, अभिलाष मिश्रा, लोकसभा प्रभारी विनोद मिश्रा, संयोजक प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष मण्डला संजय कुशराम, जिला पंचायत अध्यक्ष डिण्डोरी रूद्रेश परस्ते, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती ज्योतिकोकडिया, जिला पंचायत अध्यक्ष सिवनी मालती डेहरिया, पूर्व विधायक देवसिंह सैयाम, डॉ शिवराज शाह, पंडित सिंह धुर्वे, रामप्यारे कुलस्ते, झल्लू लाल तेकाम, डॉ सी एस भवेदी, डी सी उरैती, राकेश पाल, सहित सम्पूर्ण लोकसभा क्षेत्र के जनप्रतिनिधि, समर्थक, भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों की उपस्थिति में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर दोपहर 3 बजे अपना चुनाव नामांकन दाखिल करेंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि जनसभा उपरांत नामांकन रैली सभा स्थल से आरंभ होकर रेडक्रास के सामने से सिटी कोतवाली बैगा बेगी चौक होते हुए कलेक्टेड कार्यालय पहुंचेगी।

मुख्यमंत्री डा. यादव, प्रदेशाध्यक्ष शर्मा भाजपा कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में होंगे शामिल

मु यमंत्री डॉ मोहन यादव भाजपा प्रदेशाध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा नामांकन रैली के पश्चात 3.30 बजे भाजपा जिला कार्यालय पहुंचकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं एवं लोकसभा एवं विधानसभा की प्रबंध समितियों से भेंट करेंगे। तत्पश्चात शक्ति वंदन कार्यक्रम में शामिल होंगे तथा बालाघाट प्रबंध समिति की आयोजित बैठक होटल विठ्ठल इन जबलपुर रोड मण्डला में शामिल होकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मण्डला नगर में आयोजित कार्यक्रम के उपरांत बकोरी मण्डल नारायणगंज मण्डल एवं बीजाडांडी मण्डल में आयोजित लाभार्थी संपर्क अभियान में शामिल होते हुए जबलपुर हवाई अड्डे के लिए प्रस्थान करेंगे।

लोकसभा चुनाव कांग्रेस मुक्त प्रदेश बनाने का सही समय – विजयवर्गीय

छिंदवाड़ा यशोः- कांग्रेस जाति के आधार पर जनगणना की बात करती है, इससे सामाजिक समरसता मज़बूत नही होती है। कांग्रेस जातीगत जनगणना के आधार पर वोट मांग कर देश को बाटना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सिर्फ चार जातियां बताई हैं, वे जातियां हैं किसान, महिला, युवा और गरीब। मोदी जी की बताई हुई चारों जातियां मजबूत हो गई और जल्द भारत विश्व गुरू बन जाएगा। देश की 140 करोड़ जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का परिवार है। यह बात प्रदेश शासन के मंत्री व जबलपुर` लस्टर प्रभारी कैलाश विजयवर्गीय ने छिंदवाड़ा जिले के सौंसर में कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। कार्यक्रम को पार्टी प्रत्याशी विवेक बंटी साहू ने भी संबोधित किया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस विभाजन करने वाली पार्टी है। देश मे दो प्रकार की विचार धारा है। एक देश को मजबूत करने वाली हमारी विचारधारा और दूसरी कमजोर करने वाली कांग्रेस की विचारधारा है। भाजपा देश को मजबूत कर रही है, वहीं कांग्रेस देश को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी इनके मनसूबे को कभी पूरा नही होने देंगे। छिंदवाड़ा के भाजपा कार्यकर्ताओं का जोश और उत्साह बता रहा है कि इस लोकसभा चुनाव में छिंदवाड़ा का सांसद भाजपा का कार्यकर्ता बनेगा। छिंदवाड़ा लोकसभा में कमल खिलाकर आप सभी कार्यकर्ता मध्यप्रदेश को कांग्रेस मुक्त प्रदेश बनाने के लिए कार्य करें। कांग्रेस नेता कमलनाथ पिछले 40 साल से छिंदवाड़ा का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं, लेकिन आज भी छिंदवाड़ा को विकास की तलाश है। सम्मेलन के दौरान श्री विजयर्गीय के समक्ष तिनखेडा सरपंच हरीश धूर्वे सहित सैकडो कांग्रेस नेता कार्यकर्ताओं ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। विजयवर्गीय ने सभी को पार्टी का अंग वस्त्र पहनाकर स्वागत किया। इस अवसर छिंदवाड़ा जिला अध्यक्ष शेषराव यादव, डॉ पात्रीकर, लोकसभा प्रभारी नरेश दिवाकर, सहप्रभारी संतोष पारिख, प्रदेश प्रवक्ता अजय धवले, श्री संतोष जैन, नपा अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा सहित जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

अज्ञात वाहन की टक्कर से तेंदुआ घायल

गंडाटोला के पास नागपुर रोड की घटना,उपचार जारी

सिवनी यशोः- जिले के राष्ट्रीय राज्य मार्ग नागपुर रोड़ में गंडाटोला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुआ घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए वन्य प्राणी अस्पताल खवासा ले जाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना कल देर रात्रि की बताई जा रही है। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमे तेंदुआ घायल होने के बाद लड़खड़ाते हुए नजर आ रहा है। वन विभाग के एसडीओ आशीष पांडे का कहना है की तेंदुए को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। और मौके से फरार हो गया। वन अमला घटना की जांच कर रहा है और टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है। कुरई खवासा वन क्षेत्र में कई बार वन्य प्राणी सड़क पर आ जाते हैं। कुछ माह पहले एक बाघ भी लोगो को सड़क पर नजर आया था।

जनपद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स की नीलामी स्थगित

सिवनी यशोः- मु य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत सिवनी द्वारा जानकारी देते हुए बताया कि जनपद शॉपिंग कॉम्प्लेक्स सिवनी की 38 दुकानों की 27 मार्च 2024 को होने वाली नीलामी लोकसभा निर्वाचन- 2024 आदर्श आचार संहिता प्रभावशील होने के मद्देनजर तत्काल प्रभार से आगामी आदेश तक स्थगित कर दी गई है।

जबरन नॉलेज

होम करते हाथ जलना इसे ही कहते है.... काका हा हा हा ....

सिवनी बार एसोसिशन के दस पदाधिकारी 21 मार्च से एक महीने तक किसी भी न्यायालय में केस नहीं लड़ पाएगें

हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की बेंच ने इनके पैरवी करने पर रोक लगा दी है

जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारणी भंग तदर्थ समिति को सौंपा प्रभार, न्यायालय स्थान को यथावत रखने की मांग को लेकर अधिवक्ताओ ने 18 से 20 मार्च तक बंद कर दिया था काम

सिवनी यशोः- सिवनी जिला अधिवक्ता संघ ने गत 18 मार्च से तीन दिन तक न्यायालय के स्थान परिवर्तन के विरोध में न्यायालीन कार्य से विरत रहने का निर्णय लिया था । अधिवक्ताओं के इस निर्णय पर 17 मार्च को हाईकोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल ने सभी वकीलों को कोर्ट में मौजूद रहकर अपने-अपने मामलों की पैरवी करने के लिए कहा, लेकिन 18 से 20 मार्च तक वकील हड़ताल पर चले गए । जिसके बाद उच्च न्यायालय - द्वारा सू मोटो रिट पिटीशन क्रमांक 7295/23 में दिनांक 20-03-2024 - आदेश पारित करते हुए जिला अधिवक्ता - संघ सिवनी की समस्त कार्यकारणी को भंग कर दिया गया है।

सिवनी कोर्ट का स्थान यथावत रखने की मांग को लेकर अधिवक्ताओं ने 18 से 20 मार्च तक काम बंद कर दिया था। जिसके बाद उच्च न्यायालय - द्वारा सू मोटो रिट पिटीशन क्रमांक 7295/23 में दिनांक 20-03-2024 - आदेश पारित करते हुए जिला अधिवक्ता - संघ सिवनी की समस्त कार्यकारणी को भंग कर दिया गया है। जिला अधिवक्ता संघ - की आम सभा द्वारा जिला न्यायालय सिवनी के स्थान परिवर्तन के विरोध में अधिवक्ताओ ने आम सभा में यह निर्णय पारित किया गया था कि, संघ के सभी अधिवक्ता 18 मार्च से 20 मार्च तक न्यायालीन कार्य से विरत रहेंगे। इस दौरान नोटरी अधिवक्ता लिपिक भी कार्य नहीं करेंगे।

इस बात को संज्ञान में लेते राज्य अधिवक्ता परिषद मध्यप्रदेश द्वारा पत्र क्रमांक एस बी सी / एम पी / मान्यता / 927/24 दिनांक 19 मार्च 2024 को यह कहा गया कि जिला अधिवक्ता संघ सिवनी की वर्तमान कार्यकारणी को भंग करते हुए सभी महत्वपूर्ण कार्यो के सुचारू रूप से संचालन के लिए तदार्थ समिति को गठित कर कार्यकारणी के समस्त अधिकार जिसमे वित्तीय अधिकार भी शामिल है को दिए गए। तदर्थ समिति को यह भी अधिकार दिया गया कि वह अधिवक्ता संघ के नवीन चुनाव संपादित कराएं। तदर्थ समिति में वरिष्ठ अधिवक्ता अभिनंदन कुमार दिवाकर, नारायण प्रसाद अवस्थी, जय कुमार जैन, राजेंद्र प्रसाद से सेना एवं सुभाष चंद गोयल को शामिल किया गया तथा तत्काल प्रभाव से जिला अधिवक्ता संघ सिवनी का प्रभार ग्रहण करने हेतु निर्देशित किया गया।

शासन की ओर से सिविल कोर्ट की नई बिल्डिंग के लिए नागपुर रोड स्थित बीज निगम की जमीन आवंटित की गई है। बार एसोसिएशन का कहना है कि अगर इस जगह सिविल कोर्ट बनता है तो आम जनता के अलावा पेशी पर आने-जाने वालों को भी परेशानी होगी और यह स्थान कोर्ट के कार्य की दृष्टि से उचित नहीं है । अभी सिविल कोर्ट कलेक्ट्रेट कैंपस में है. इसी से कलेक्टर व अपर कलेक्टर न्यायालय भवन, राजस्व न्यायालय भवन, अनुविभागीय अधिकारी न्यायालय सिवनी, एसपी कार्यालय, पंजीयक कार्यालय सिवनी और दूसरे विभागों के कार्यालय लगे हुए हैं इस प्रकार का तर्क देते हुये अधिवक्ता न्यायालय स्थानांतरण का विरोध कर रहे थे । जिस पर स्वतः संज्ञान लेते हुये हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि मलिमठ व जस्टिस विशाल मिश्रा की बेंच ने बार काउंसिल की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उनके द्वारा अधिवक्ता अधिनियम की धारा 35 के तहत हड़ताल करने वाले वकीलों को शो-कॉज नोटिस जारी किए जा रहे हैं. इसके बाद बेंच ने फैसला सुनाते हुए हाईकोर्ट के 2018 के निर्णय का भी जिक्र किया. तब हाईकोर्ट ने पारित एक निर्णय में कहा था कि ऐसी परिस्थिति में अधिवक्ता संघ के पदाधिकारियों को एक महीने के लिए पैरवी करने से निलंबित किया जाना चाहिए ।

सिवनी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कुमार गोल्हानी ने कहा कि 22 मार्च को हड़ताल स्थगित रहेगी । जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मंडल मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद से मिलने जबलपुर जा रहा है. इसके बाद निर्णय लिया जाएगा कि हड़ताल आगे जारी रहेगी या नहीं।

राज्य अधिवक्ता परिषद के निर्देशानुसार दिनांक 20 मार्च 2024 को तदर्थ समिति द्वारा पदभार ग्रहण कर लिया गया है। उच्च न्यायालय जबलपुर के मु य न्यायाधिपति एवं विशाल मिश्रा न्यायाधिपति बेंच द्वारा हड़ताल के संबंध में सू मोटो संज्ञान लेते हुए जिला अधिवक्ता संघ की हड़ताल को अवैधानिक मानते हुए जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रवि गोल्हनी, उपाध्यक्ष शिशुपाल यादव, सचिव रितेश आहूजा, सह सचिव मनोज हीरेनखेड, कोषाध्यक्ष नवल किशोर सोनी एवम निर्वाचित कार्यकारिणी सदस्य को एक माह तक न्यायालय में उपस्थित न होने तथा 03 वर्ष तक अधिवक्ता संघ या राज्य अधिवक्ता संघ के चुनाव लड़ने से अयोग्य कर दिया गया है ।

सिवनी बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष शिशुपाल यादव का कहना है. सिविल कोर्ट की बिल्डिंग दूसरी जगह बनना है । नई जगह मौजूदा बिल्डिंग से 8-10 किलोमीटर दूर है. नई जगह अशांत है, रेलवे स्टेशन के पास है. बस स्टैंड भी स्वीकृत है. कच्ची शराब निकाली जाती है. अभी जो जगह हैए वो पक्षकारों व महिला वकीलों के लिए सेफ है. इसके आसपास 4.5 एकड़ और जमीन खाली है । इसी जमीन का अधिग्रहण कर कोर्ट बिल्डिंग बनाई जा सकती है ।

सिवनी बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि कुमार गोल्हानी ने कहा कि 22 मार्च को हड़ताल स्थगित रहेगी । जिला अधिवक्ता संघ का प्रतिनिधि मंडल मध्यप्रदेश राज्य अधिवक्ता परिषद से मिलने जबलपुर जा रहा है. इसके बाद निर्णय लिया जाएगा कि हड़ताल आगे जारी रहेगी या नहीं।

गुरु अष्टावक्र और आत्म-ज्ञानी राजा जनक की कथा

(विसकें)कई हजार साल पहले, अष्टावक्र नाम के एक महान गुरु हुए। वह धरती के महानतम ऋषियों में से एक थे जिन्होंने उस समय एक विशाल आध्यात्मिक आंदोलन चलाया था। 'अष्टावक्र' का मतलब है 'वह इंसान जिसके शरीर में आठ अलग-अलग तरह की विकृतियां हो'। ये विकृतियां उनके पिता के श्राप के कारण उन्हें मिली थीं।

अष्टावक्र ने माता के गर्भ में ही कई शिक्षाएं पा ली

जब अष्टावक्र अपनी माता के गर्भ में थे, तभी उनके पिता कहोल, जो खुद एक प्रसिद्ध विद्वान और ऋषि थे, ने उनको कई तरह की शिक्षाएं दीं। अष्टावक्र ने गर्भ में ही ये सारी शिक्षाएं पा ली थीं और जन्म लेने से पहले ही मां की कोख में उन्होंने आत्म के विभिन्न पहलुओं पर जबर्दस्त महारत हासिल कर ली थी।

एक दिन शिक्षा देते समय कहोल ने एक गलती कर दी। अजन्मे बच्चे अष्टावक्र ने अपनी मां की कोख से 'हूं' कहा। उसका आशय था कि कहोल की बात गलत है और वह जो कह रहे थे, वह सही नहीं है। दुर्भाग्य से उसके पिता अपना आपा खो बैठे और बच्चे को आठ अंगों से विकलांग होने का श्राप दे दिया। इसलिए बच्चा शारीरिक रूप से विकलांग पैदा हुआ ङ्क उसके दोनों पैर, दोनों हाथ, घुटने, छाती और गर्दन टेढ़े थे।

राजा जनक की आत्मज्ञान पाने की लालसा

बाद में जब अष्टावक्र थोड़े बड़े हुए, तो वह अपने पिता के साथ एक शास्त्रार्थ में गए, जिसका आयोजन वहां के राजा जनक ने किया था। जनक महान प्रतिभाशाली और असाधारण व्यक्ति थे।

राजा जनक ने अष्टावक्र की ओर देखा ङ्क टेढ़े-मेढे शरीर वाला यह युवक इस तरह बोल रहा था ङ्क और बोले, 'क्या तुमने अभी जो कहा, उसे सही साबित कर सकते हो? अगर नहीं, तो तुम अपना यह विकलांग शरीर भी खो बैठोगे।'

वह राजा होते हुए भी एक सच्चे साधक थे। वह आत्मज्ञान पाने के लिए आतुर थे। आत्मज्ञान पाने की उनकी चाह इतनी जबर्दस्त थी कि उन्होंने अपने राज्य के सभी आध्यात्मिक व्यक्तियों को अपने दरबार में इकट्ठा कर लिया था। वह उनका स्वागत करते थे, उन्हें सम्मान देते थे और उनकी जीविका तथा रहन-सहन की व्यवस्था करते थे। उन्हें आशा थी कि ये लोग उन्हें राह दिखा सकते हैं।

वह हर दिन अपने सांसारिक कामों को फटाफट निबटाकर घंटों इन लोगों का उपदेश सुनते थे, चर्चा और वाद-विवाद आयोजित करते थे ताकि वह आत्मज्ञान की राह को जान सकें। अलग-अलग आध्यात्मिक धर्मग्रंथों का अध्ययन कर चुके कई विद्वान साथ बैठकर महान शास्त्रार्थ करते थे, जो कई दिनों, सप्ताहों और महीनों तक चलता था। आम तौर पर बहस में जीतने वाले को एक बड़ा पुरस्कार मिलता था। उसे ढेर सारा धन मिलता था या राज्य में किसी ऊंची पदवी पर बिठाया जाता था। ये लोग आम लोग नहीं थे। राजा ने महान आध्यात्मिक लोगों को इकट्ठा किया था मगर कोई उन्हें आत्मज्ञान नहीं दिला पाया था।

राजा जनक ने अष्टावक्र की आज्ञा का पालन करके आत्म ज्ञान पाया



ऐसे ही एक शास्त्रार्थ में कहोल को आमंत्रित किया गया था, जिसमें वह अष्टावक्र के साथ गए थे। शास्त्रार्थ शुरू हुआ और वहां मौजूद सर्वश्रेष्ठ विद्वानों के बीच तर्क-वितर्क होने लगा। कई बौद्धिक प्रश्न उठाए गए और धर्मग्रंथों की गूढ़ बातों पर विचार-विमर्श हो रहा था, तब अचानक अष्टावक्र उठ कर खड़े हुए और बोले, 'ये सब खोखली बातें हैं। इनमें से कोई आत्म के बारे में कुछ नहीं जानता। ये सब उसके बारे में बातें जरूर कर रहे हैं, मगर मेरे पिता समेत यहां मौजूद कोई भी व्यक्ति आत्म के बारे में कुछ नहीं जानता।'

राजा जनक ने अष्टावक्र की ओर देखा ङ्क टेढ़े-मेढे शरीर वाला यह युवक इस तरह बोल रहा था ङ्क और बोले, 'क्या तुमने अभी जो कहा, उसे सही साबित कर सकते हो? अगर नहीं, तो तुम अपना यह विकलांग शरीर भी खो बैठोगे।'

अष्टावक्र ने जवाब दिया, 'हां, मैं साबित कर सकता हूं।'

'फिर तुम्हारे पास हमें देने के लिए क्या है?' जनक ने पूछा।

अष्टावक्र ने कहा, 'अगर आप इसे पाना चाहते हैं, तो आपको अंतिम हद तक मेरी बात मानने के लिए तैयार रहना होगा। तभी मैं आपको यह दे सकता हूं। अगर आप वही करें, जो मैं आपको करने के लिए कहूं, तो मैं ये पक्का करूंगा कि आप आत्म को जान जाएँ।'

जनक को अष्टावक्र का सीधी बात करना पसंद आया और उन्होंने कहा, 'मुझे कुछ भी कहो, मैं करने के लिए तैयार हूं।' वह सिर्फ बोल नहीं रहे थे। वह वाकई इस बात पर गंभीर थे।

अष्टावक्र बोले, 'मैं जंगल में रहता हूं। वहां आइए, फिर देखेंगे कि हम क्या कर सकते हैं।' और वह वहां से चले गए।

कुछ दिन बाद, जनक अष्टावक्र की तलाश में जंगल में गए। जब कोई राजा कहीं जाता है, तो वह हमेशा सिपाहियों और मंत्रियों की फौज के साथ जाता है। जनक अपने लाव-लश्कर के साथ जंगल के लिए चले। लेकिन जब वे जंगल में घुसे, तो आगे-आगे जंगल और घना होता गया। धीरे-धीरे कई घंटों की खोज के बाद जनक अपने बाकी लोगों से अलग होकर रास्ता भटक गए। जब वह जंगल में रास्ता खोजते हुए भटक रहे थे, तो अचानक से उन्हें पेड़ के नीचे बैठे हुए अष्टावक्र दिख गए।

अष्टावक्र को देखते ही, जनक घोड़े से नीचे उतरने लगे। उनका एक पांव रकाब पर था और दूसरा हवा में, तभी अष्टावक्र बोले, 'रुको! वहीं रुको!' जनक उसी असुविधाजनक स्थिति में ठहर गए। वह घोड़े के ऊपर झूल रहे थे और उनका एक पैर हवा में था।

वह उस अजीबोगरीब स्थिति में पता नहीं कितनी देर रुके रहे। हमें नहीं पता वे कितनी देर रुके रहे। कुछ कथाओं में कहा गया है कि वह कई सालों तक वैसे ही रुके रहे, कुछ कहते हैं कि वह सिर्फ एक पल था। समय की अवधि मायने नहीं रखती। वह अच्छे-खासे समय तक उसी स्थिति में खड़े रहे। अच्छा-खासा समय एक पल भी हो सकता है। निर्देश का पालन करने की उस पूर्णता के कारण वह पूर्ण आत्मज्ञानी हो गए। वह उसी जगह रुक गए, जहां उन्हें रुकना था।

राजा जनक बने एक आत्मज्ञानी राजा

आत्मज्ञान पाने के बाद जनक घोड़े से उतरे और अष्टावक्र के पैरों पर गिर पड़े। वह अष्टावक्र से बोले, 'मैं अपने राज्य और महल का क्या करूं? अब मेरे लिए ये चीजें कोई अहमियत नहीं रखतीं।

अष्टावक्र को देखते ही, जनक घोड़े से नीचे उतरने लगे। उनका एक पांव रकाब पर था और दूसरा हवा में, तभी अष्टावक्र बोले, 'रुको! वहीं रुको!' जनक उसी असुविधाजनक स्थिति में ठहर गए। वह घोड़े के ऊपर झूल रहे थे और उनका एक पैर हवा में था। वह उस अजीबोगरीब स्थिति में पता नहीं कितनी देर रुके रहे।

मैं बस आपके चरणों में बैठना चाहता हूं। कृपया मुझे यहीं अपने आश्रम में अपने साथ रहने दें।'

मगर अष्टावक्र ने जवाब दिया, 'अब जब आपने आत्म-ज्ञान पा लिया है तो आपका जीवन आपकी पसंद-नापसंद से जुड़ा नहीं रह गया है। अब आपका जीवन आपकी जरूरतों के बारे में नहीं है क्योंकि वास्तव में अब आपकी कोई जरूरत ही नहीं है। आपकी जनता को हक है कि उन्हें एक आत्मज्ञानी राजा मिले। आपको उनका राजा बने रहना चाहिए।'

जनक अनिच्छा से महल में ही रहे और बहुत अच्छी तरह अपना राज-पाट चलाया।

जनक अपनी जनता के लिए एक वरदान थे क्योंकि वह एक पूर्ण आत्मज्ञानी व्यक्ति होते हुए भी राजा का कर्तव्य निभा रहे थे। भारत में कई साधु-संत पहले राजा और सम्राट थे, जिन्होंने अपनी इच्छा से सब कुछ छोड़ दिया और बहुत गरिमा के साथ भिक्षुकों की तरह रहने लगे। गौतम बुद्ध, महावीर, बाहुबली ङ्क ऐसे बहुत से लोग हुए हैं। मगर एक आत्मज्ञानी राजा होना दुर्लभ चीज थी। जनक राजा बने रहे मगर राजकाज की जिम्मेदारियों से उन्हें जितनी बार थोड़ी फुर्सत मिलती, वह अष्टावक्र से मिलने उनके आश्रम चले जाते थे।

अष्टावक्र के शिष्य राजा जनक से चिढ़ने लगे

आश्रम में अष्टावक्र ने कुछ भिक्षुओं को जमा किया था, जिन्हें वह शिक्षा देते थे। ये सभी भिक्षु धीरे-धीरे जनक से चिढ़ने लगे क्योंकि जब भी जनक आते, अष्टावक्र सब कुछ छोड़कर उनके साथ ढेर सारा समय बिताते क्योंकि दोनों के बीच बहुत अच्छा तालमेल था। जैसे ही जनक आते, दोनों खिल उठते। जिन भिक्षुओं को अष्टावक्र शिक्षा दे रहे थे, उनके साथ वह उस तरह नहीं चमकते थे। इससे भिक्षु बहुत नाराज रहते थे।

भिक्षु एक-दूसरे के कान में फुसफुसाते, 'हमारे गुरु ऐसे आदमी के हाथों क्यों बिक गए हैं? लगता है कि हमारे गुरु भ्रष्ट हो रहे हैं। यह आदमी एक राजा है, महल में रहता है। उसकी ढेर सारी पत्नियां और ढेर सारे बच्चे हैं। उसके पास बहुत धन-दौलत है। उसके चलने का अंदाज देखो। वह राजा की तरह चलता है। और उसके कपड़े देखो। उसके आभूषण देखो। उसके अंदर कौन सी चीज आध्यात्मिक है कि हमारे गुरु उस पर इतना ध्यान देते हैं? यहां हम अपनी आध्यात्मिक प्रक्रिया के लिए पूरी तरह समर्पित हैं। हम भिक्षु के रूप में उनके पास आए हैं, मगर वह हमें अनदेखा कर रहे हैं।'

अष्टावक्र ने भिक्षुओं को समझाया सच्चे समर्पण का अर्थ

अष्टावक्र जानते थे कि उनके शिष्यों में यह भावना बढ़ रही है। इसलिए एक दिन उन्होंने एक योजना बनाई। वह एक कक्ष में भिक्षुओं के साथ बैठे उन्हें उपदेश दे रहे थे, वहां राजा जनक भी मौजूद थे। जब प्रवचन चल रहा था, तभी एक सिपाही दौड़ते हुए कमरे में आया। वह जनक के आगे झुका, मगर अष्टावक्र के सामने नहीं और बोला, 'महाराज, महल में आग लग गई है। सब कुछ जल रहा है। पूरे राज्य में हंगामा मचा हुआ है।'

जनक खड़े होकर सिपाही पर चिल्लाए, 'निकलो यहां से। यहां आकर सत्संग में बाधा डालने की तुम्हारी हिम्मत कैसे हुई और तुम्हारी इतनी मजाल कि तुमने मुझे प्रणाम किया और मेरे गुरु को नहीं! तुरंत यहां से निकल जाओ।' सिपाही कमरे से भाग गया। जनक फिर बैठ गए और अष्टावक्र ने प्रवचन देना जारी रखा।

कुछ दिन बाद, अष्टावक्र ने एक और काम किया। सभी लोग फिर से हॉल में बैठे हुए थे और अष्टावक्र प्रवचन दे रहे थे। प्रवचन के बीच में ही आश्रम का एक सहायक दौड़ते हुए कमरे में आया और बोला, 'बंदरों ने सूख रहे सभी कपड़े उतार लिए हैं और भिक्षुओं के कपड़े फाड़ रहे हैं।' सभी भिक्षु तुरंत उठकर अपने कपड़ों को बचाने भागे। वे नहीं चाहते थे कि बंदर उनके कपड़े खराब कर दें। मगर जब वे कपड़े सुखाने वाली जगह पहुंचे, तो वहां कोई बंदर नहीं था और उनकी लंगोटें अभी भी वहां लटक रही थीं। उन्हें बात समझ में आ गई। वे सिर झुकाकर वापस आ गए।

त्याग और आध्यात्मिकता का बाहरी कामों से कोई लेना देना नहीं है

फिर अष्टावक्र ने अपने प्रवचन के दौरान समझाया, 'यह देखो। यह आदमी राजा है। कुछ दिन पहले उसका महल जल रहा था। पूरा राज्य तहस-नहस हो रहा था। इतनी दौलत जल रही थी, मगर उन्हें चिंता इस बात की थी कि उनके सिपाही ने सत्संग में बाधा डाल दी थी। तुम लोग भिक्षु हो। तुम्हारे पास कुछ नहीं है। तुम्हारे पास महल नहीं है,पत्नी नहीं है बच्चे नहीं हैं, तुम्हारे पास कुछ नहीं है। लेकिन जब बंदरों ने आकर तुम्हारे कपड़े उठाए, तो तुम लोग उसे बचाने के लिए भागे। तुम लोग ऐसे कपड़े पहनते हो, जिसका ज्यादातर लोग पोंछा तक नहीं बनाएंगे। मगर उस लंगोट के लिए भी तुम लोग मेरी बातों पर ध्यान दिए बिना उन बेकार कपड़ों को बचाने के लिए भागे। कहां है तुम्हारा आत्मत्याग? वह असली आत्मत्यागी हैं। वह राजा होते हुए भी त्यागी हैं। तुम लोग भिक्षु हो। दूसरों की त्यागी हुई चीजों का प्रयोग करते हो, मगर तुम्हारे अंदर आत्मत्याग की कोई भावना नहीं है। देखो तुम कहां हो और वह कहां हैं।'

एक व्यक्ति अपने अंदर कैसा है, उसका इस बात से कोई संबंध नहीं है कि वह बाहरी तौर पर कैसा है। सबसे महत्वपूर्ण यह है कि कोई व्यक्ति अपने भीतर कैसा है। बाहरी दुनिया के साथ आप क्या करते हैं, ये सामाजिक चीजें होती हैं। आप जिन स्थितियों में रहते हैं, उनके अनुरूप खुद को संचालित करते हैं। उसका सामाजिक महत्व है मगर कोई अस्तित्व संबंधी या आध्यात्मिक महत्व नहीं है। आप अपने अंदर कैसे हैं, बस यही बात मायने रखती है।

रौनक गुर्जर ने अपनी चमड़ी से मां के लिए चप्पल बनवाई

भोपाल। कलयुग में जहां एक ओर बेटे अपनी खुशियों के लिए मां-बाप को दर-दर की ठोकरे खाने को मजबूर कर देते हैं, वहीं कुछ उन्हें अनाथ आश्रम भी छोड़ आते हैं। लेकिन, उज्जैन में कलयुग का एक ऐसा श्रवण कुमार भी है जिसने अपनी मां की चरण पादुका के लिए अपनी ही चमड़ी दे दी। सर्जरी के बाद लौटकर अपनी मां को अपने हाथों से ये चप्पल पहनाई।

पूरा मामला मध्य प्रदेश के उज्जैन जिले का है। ढांचा भवन क्षेत्र में रहने वाले रौनक गुर्जर जो कि प्रतिदिन रामायण पढ़ते हैं, उन्हें रामायण पढ़ते हुए ऐसी प्रेरणा मिली कि उन्होंने यह संकल्प लिया कि वे अपनी चमड़ी से मां के लिए चप्पले बनवाएंगे। रौनक गुर्जर ने इस संकल्प को किसी को भी नहीं बताया, लेकिन गत दिनों उन्होंने एक सर्जरी के बाद अपनी जांघ से चमड़ी निकलवाकर मां के लिए चरण पादुका बनवाई और उन्हें भेंट कर दी। जब बेटे रौनक गुर्जर ने मां निरूला गुर्जर को या चरण पादुका पहनाई तो मां बेटे का यह अगाध प्रेम देखकर लोगों की आंखों से आंसू बहने लगे।

श्रीमद् भागवत कथा के दौरान पहनाई चरण पादुका

सांदीपनि नगर ढांचा भवन पुरानी टंकी के पास अखाड़ा ग्राउंड परिसर मे इन दिनों सात दिवसीय भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है। कथावाचक अंतरराष्ट्रीय आध्यात्मिक गुरु जितेंद्र महाराज के मार्गदर्शन में धार्मिक आयोजन किया जा रहा है। इसी भागवत कथा के दौरान रौनक गुर्जर ने अपना संकल्प पूरा करते हुए मां के चरणों में अपनी चमड़ी से बनी चरण पादुका पहनाई। कार्यक्रम में रौनक गुर्जर ने जैसे ही अपनी माता को चरण पादुका अपने हाथों से पहनाई और उनका पाद पूजन किया तो माता सहित हुआ मौजूद भक्त सहम से गए। रौनक की माता और कई महिलाओं की आंखें भर आई और कलयुग में भी माता-पिता के सेवक श्रवण की याद को एक बार फिर ताजा किया।

मां को भी नहीं थी रौनक के ऐसे संकल्प की जानकारी

रौनक गुर्जर की माता निरूला गुर्जर ने बताया कि मुझे बेटे द्वारा लिए गए ऐसे संकल्प की कोई जानकारी नहीं थी। मैं सौभाग्यशाली हूं, हर मां को रौनक जैसा बेटा मिले। भगवान उसे हर मुसीबत से बचाए और उसके हर दुख मेरी झोली में आ जाएं। भगवान उसके जीवन में कभी कोई दुख ना दे।

भोपाल में रामजान की खास रौनक, तबर्रुक का कारोबार ही सवा करोड़ से ज्यादा

भोपाल। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में रमजान की रौनकों का नजारा बाकी शहरों से कुछ हटकर नजर आता है। रमजान महीने की खास इबादत में शामिल तरावीह (रमजान माह की खास नमाज) के पूरा होने पर तबर्रुक (प्रसाद) के रूप में बांटने का रिवाज है। शहर में मौजूद सैंकड़ों मस्जिदों में आने वाले लाखों नमाजियों की तादाद के लिहाज से यहां बंटने वाला तबर्रुक का कारोबार ही सवा करोड़ रुपए से ज्यादा का होता है।

माह ए रमजान में शहर की सभी छोटी बड़ी मस्जिदों में अकीदतमंद तरावीह की नमाज अदा करते हैं। इस खास नमाज के जरिए इस्लाम की पवित्र पुस्तक कुरआन को सुनने का रिवाज है। शहर में मौजूद 600 से ज्यादा मस्जिदों में अलग-अलग अवधि की तरावीह का सिलसिला चलता है। 3, 5, 7 दिन से लेकर 27 दिन तक में इसका समापन होता है। समापन अवसर पर जहां कुरआन सुनाने वाले हाफिज को नजराने के रूप में नगद राशि, कपड़े और सम्मान स्वरूप कई तोहफे दिए जाते हैं, वहीं नमाजियों को इस खास दिन के तोहफे के तौर पर तबर्रुक (प्रसाद) में नुक्ति का वितरण किया जाता है। एक अनुमान के मुताबिक शहर की बड़ी मस्जिदों में, जहां नमाजियों की तादाद ज्यादा होती है, वहां करीब 30 से 40 हजार रुपए की नुक्ति का तबर्रुक बंट जाता है। जबकि छोटी मस्जिदों में भी इस आयोजन में 15 से 20 हजार रुपए की नुक्ति बंट जाना सामान्य बात है।

इफ्तार में भी होता है नुक्ति खारे का इस्तेमाल

शहर की संस्कृति में शामिल नुक्ति खारे भोपाल के इफ्तार दस्तर वान की शान माने जाते हैं। इफ्तार में पकवानों में शामिल किए जाने वाले लजीज व्यंजन और पकवानों के बीच नुक्ति खारे की अनिवार्यता जैसा ही है। रमजान महीने में होने वाले इसके कारोबार का अंदाज इस बात से लगाया जा सकता है कि बुधवारा, इतवारा, शाहजहांबाद, काजी कैंप आदि की दुकानों से 40 से 45 टन तक नुक्ति खारे बिक्री होने का रिकॉर्ड है। इन दुकानों के लिए डिमांड के लिहाज से माल तैयार करने के लिए जो कारीगर जमा किए जाते हैं, उनका एक दिन का वेतन ही 30 से 35 हजार रूपए रोजाना होता है। जबकि इसकी बिक्री के लिए लगाए जाने वाले स्टॉल पर कार्यकर्ताओं की संख्या भी 15 से 20 पार होती है।

ऐसे लुभाते हैं नुक्ति खारे

लाल, हरी, पीली रंग की नुक्तियां और उनका साथ देते नमकीन पारे, सेंव और दालमोठ। खाने में स्वादिष्ट भी और सेहत के लिए भी मुफीद। पुराने शहर के बाजारों में सजे इनके स्टॉल बरबस ही लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर लेती हैं। शहरभर में सजने वाले नुक्ति खारे के हजारों स्टॉल में इतवारा का जावेद खान का, शाहजहानाबाद में नूर भाई मिठई वालों का या नूर महल रोड और चौकी इमामबाड़ा पर चांद भाई के हाथों का स्वाद पूरे शहर में खास माना जाता है।

विदेशों तक में मशहूर है स्वाद

इब्राहिमपुरा निवासी रफीक अहमद राजा बताते हैं कि नुक्ती-खारे का इस्तेमाल शहर की पहचान से जुड़ा हुआ है। माश की दाल, चने का आटा और नमकीन सामग्री के साथ तैयार किया गया यह व्यंजन भोपाल की सीमाओं को तोड़ता हुआ न सिर्फ देशभर बल्कि विदेशों तक भी मशहूर है। वे बताते हैं कि दुबई, सउदी अरब, कतर, मस्कत समेत दुनिया के कई मुल्कों में, जहां भोपाल या प्रदेश के लोगों का आना जाना है, वे रमजान माह में नुक्ती-खारे की खास फरमाइश करते हैं और उनके अपने इसको समय पर वहां तक पहुंचाने की कोशिश भी करते हैं।

कोटा से किडनैप हुई शिवपुरी की लड़की की कहानी संदिग्ध

भोपाल। नीट की कोचिंग के नाम पर शिवपुरी से कोटा राजस्थान गई 22 वर्षीय लड़की काव्य धाकड़ के अपहरण के मामले में, उसकी अपनी कहानी ही संदिग्ध हो गई है। पुलिस को उसका कोई सुराग तो नहीं लगाई परंतु इतना जरूर पता चल गया है कि वह पढ़ाई करने के लिए कोटा नहीं आई। यह भी कंफर्म नहीं है कि वह कोटा में थी या नहीं।

काव्या धाकड़ की कहानी

मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले की पहली तहसील के अंतर्गत कस्बा बैराड़ में लॉर्ड लखेश्वर स्कूल के संचालक रघुवीर धाकड़ की छोटी बेटी का नाम काव्या धाकड़ है। काव्या को उसकी मां और भाई कोटा में हृश्वश्वञ्ज की कोचिंग के लिए लेकर गए थे। उन्होंने एक कोचिंग में काव्या का एडमिशन करवाया और उसके पास स्थित एक हॉस्टल में काव्या के रहने का इंतजाम किया, फिर वापस आ गए। कुछ दिनों बाद काव्या ने बताया कि उसने कोचिंग सेंटर बदल लिया है, क्योंकि वहां पर पढ़ाई अच्छी नहीं हो रही थी। नए कोचिंग सेंटर का नाम बता दिया। यह भी बताया कि उसने हॉस्टल बदल दिया है और नए कोचिंग के पास में नया हॉस्टल स्थित है। पिता के मोबाइल पर कोचिंग के नाम से नियमित रूप से ह्यद्वह्य आते थे जिसके कारण पिता यह समझते थे की काव्या कोचिंग में पढ़ाई कर रही है और सब कुछ ठीक चल रहा है। काव्या की मां उससे हर रोज फोन पर बात करती थी। खर्चे के सारे पैसे उसके अकाउंट में ट्रांसफर कर दिए जाते थे।

काव्या धाकड़ का अपहरण

सोमवार 18 मार्च 2024 को रघुवीर धाकड़ के व्हाट्सएप पर काव्या के कुछ फोटो आए। काव्या के हाथ पैर बंधे हुए थे। मैसेज भेजने वाले ने बताया कि उसने काव्या का अपहरण कर लिया है। 30 लाख रुपए फिरौती मांगी। रघुवीर धाकड़ ने पुलिस को सूचना दी और पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। इस मामले में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने राजस्थान के मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा से फोन पर बात की है। लड़की को मुक्त करने के लिए स्पेशल फोर्स की मांग की है।

पुलिस इन्वेस्टिगेशन में काव्या की कहानी

इस मामले की इन्वेस्टीगेशन पुलिस अधीक्षक कोटा अमृता दुहान के मार्गदर्शन में विज्ञान नगर थाने के सीआई सतीश कुमार कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि जब हमने कोचिंग सेंटर जाकर पता किया तो जानकारी मिली कि, एडमिशन तो दूर की बात है काव्या वहां पर कोर्स की जानकारी लेने भी नहीं आई थी। क्योंकि हर आने वाले स्टूडेंट का पूरा रिकॉर्ड होता है। कोचिंग का रजिस्टर चेक किया गया। कहीं पर कोई ओवरराइटिंग नहीं थी। फिर पुलिस हॉस्टल पहुंची तो पता चला की काव्या ने हॉस्टल में भी एडमिशन नहीं लिया था। अब पुलिस के सामने बड़ा सवाल यह है कि काव्या किसी कोचिंग में पढ़ रही थी और कहां पर रह रही थी। पुलिस को यह भी पता नहीं है कि काव्या का अपहरण कहां से हुआ है। पुलिस यह जानने की भी कोशिश कर रही है कि काव्या कोटा में ही थी या कहीं किसी दूसरे शहर में थी।

पिता ने कहा इंदौर वाला रिंकू धाकड जिम्मेदार

पिता रघुवीर धाकड़ का कहना है कि हृश्वश्वञ्ज तैयारी करने के लिए काव्या पहले इंदौर गई थी। इंदौर में रिंकू धाकड से उसकी मुलाकात हो गई थी। रिंकू धाकड पोहरी अनुविभाग क्षेत्र के जरियाखेड़ा गांव का रहने वाला है। रिंकू उसे परेशान कर रहा था। इसके अलावा अनुराग सोनी और हर्षित नाम का एक लड़का भी उसके मोबाइल पर फोन करते थे और उसे परेशान करते थे। इसी परेशानी के चलते हमने उसे इंदौर से शिवपुरी वापस बुला लिया था। पिता ने बताया कि लड़की का पीछे छोड़ने के बदले में उपरोक्त लड़कों ने 19000 रुपए मांगे थे। पिता का आरोप है कि इस बार भी उन्हीं लड़कों ने काव्या को किडनैप किया है।

कोटा पुलिस हर इनफॉरमेशन पर काम कर रही है, पुलिस अधीक्षक ने काव्या का पता बताने वाले को ?20000 इनाम देने की घोषणा की है परंतु एक सवाल लगातार उसे परेशान कर रहा है कि काव्या ने अपनी मां से झूठे क्यों बोला, क्या वह कोटा में किसी दूसरी जगह पर रह रही थी या फिर वह किसी दूसरे शहर में शिफ्ट हो गई थी। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या सचमुच काव्या का अपहरण हुआ है या फिर पेरेंट्स से पैसे निकालने के लिए कोई कहानी है।

जयपुर के एक सीसीटीवी कैमरा में लड़की को देखा गया है। काव्या जयपुर के दुर्गापुरा रेलवे स्टेशन से दो लड़कों के साथ बाहर जाते हुए देखी गई है। युवती की एक फुटेज अहिंसा सर्किल (जयपुर) पर भी मिला है। यहां भी वह दो युवकों के साथ दिख रही है।

प्रदेश में पहले दिन 3 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन पत्र दाखिल किए

भोपाल। लोकसभा निर्वाचन-2024 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार पहले चरण के लिये बुधवार, 20 मार्च को अधिसूचना जारी कर दी गई। अधिसूचना दिनांक से नाम निर्देशन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया भी प्रारंभ हो गई है। प्रदेश में पहले दिन 3 उम्मीदवारों ने 6 नामांकन पत्र दाखिल किये है। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्री अनुपम राजन ने बताया कि नाम निर्देशन प्रक्रिया के पहले दिन लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-11 सीधी में 2 उम्मीदवारों ने 5 नाम निर्देशन पत्र एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-12 शहडोल (अजजा) में 1 उम्मीदवार द्वारा 1 नाम निर्देशन पत्र दाखिल किया गया है। प्रथम चरण के शेष चार लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-13 जबलपुर, क्रमांक-14 मंडला (अजजा), क्रमांक-15 बालाघाट एवं लोकसभा संसदीय क्षेत्र क्रमांक-16 छिन्दवाड़ा में आज किसी भी उम्मीदवार द्वारा नाम निर्देशन पत्र दाखिल नहीं किया गया। राजन ने बताया कि पहले चरण के लिये नामांकन पत्र दाखिल करने की अंतिम तिथि बुधवार, 27 मार्च है। नामांकन पत्रों की संवीक्षा गुरुवार, 28 मार्च को की जाएगी। नामांकन भर चुके प्रत्याशी शनिवार, 30 मार्च तक अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए शुक्रवार, 19 अप्रैल को मतदान होगा। मतगणना 4 जून को होगी।

भोपाल शहर में होलिका दहन के लिये लगेंगे जलाऊ लकड़ी विक्रय केन्द्र

भोपाल। वन विभाग द्वारा होली पर्व पर भोपाल शहरवासियों को होलिका दहन के लिये जलाऊ लकड़ी सुगमता से उपलब्ध कराने के उद्देश्य से रियायती दर पर विक्रय केन्द्र 24 मार्च 2024 को शहर के विभिन्न स्थानों पर उपलब्ध रहेंगे। वन संरक्षक एवं पदेन वन मंडलाधिकारी सामान्य वन मंडल भोपाल श्री आलोक पाठक ने बताया कि भोपाल शहर के अहमदपुर डिपो, विट्ठल मार्केट, कोलार पत्रकार कॉलोनी, सर्वधर्म कॉलोनी, गोविंदपुरा, जहांगीराबाद, बैरागढ़, मंगलवारा, मयूर विहार और ईमाम बाड़ा में रियायती दर पर जलाऊ लकड़ी प्रति किलो 8.16 के मान से सुबह 10 बजे से शाम 3 बजे तक उपलब्ध कराई जाएगी। अस्थाई डिपो मात्र एक दिवस के लिये लगाये जायेंगे।

फग्गनसिंह कुलस्ते एंव पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने किया ओलावृष्टि से प्रभावित ग्रामों का दौरा

असमय आई प्राकृतिक आपदा से पीड़ित किसान भाइयों के साथ उनका सेवक खड़ा हैं - राकेश पाल सिंह

केवलारी यशोः- दिन गुरुवार दिनांक 21/03/2024 केवलारी विधानसभा क्षेत्र के नगर केवलारी के अंतर्गत ग्राम में विगत दिन 18/03/2024 को हुई अतिवृष्टि एंव ओलावृष्टि से पीड़ित किसान भाइयों से भारतीय जनता पार्टी मंडला लोकसभा क्षेत्र अधिकृत प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते एंव पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह ने मुलाकात किया।किसानों को उनकी फसलों का जायजा लिया।केवलारी विधायक राकेश पाल सिंह ने दुरभाष के माध्यम से राजस्व विभाग के तहसीलदार एंव अधिकारीयो से बात कर जल्द ही किसान भाइयों की फसलों का सर्वे उचित मुआवजा दिया जाए,किसी भी किसान भाई के साथ किसी भी प्रकार की समस्या नहीं आने दूँगा। भारतीय जनता पार्टी की सरकार,भारतीय जनता पार्टी के मुख्यमंत्री किसान की इस प्राकृतिक आपदा में किसान भाइयों के साथ है।किसान भाई अपने खेतों में खून पसीना बहाते हैं।तब फसल उगता हैं।इस प्रकार की प्राकृतिक आपदा आना किसान भाइयों के लिए बहुत मुश्किल एंव कठिन समय हैं।में अपने किसान भाइयों के साथ खड़ा हूँ।हमारे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी किसान भाइयों के साथ हैं।मंडला लोकसभा के प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते ने कहा हैं कल मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव जी का मंडला आगमन हो रहा हैं किसान भाइयों की इस पीड़ा को उनके समझ पहुँचाने का प्रयास करूँगा।जिससे किसान भाइयों को उनकी नष्ट हुई फसलों का उचित मूल्य प्राप्त हो सके।किसान भाइयों का अहित न हो सके।पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं,ग्रामीण जनों,किसान भाइयों की उपस्थिति रहीं।

केवलारी विधानसभा क्षेत्र- आपकी बार 400 पार,फिर एक मोदी सरकार ,केवलारी विधानसभा क्षेत्र के नगर केवलारी में मंडल केवलारी, ग्राम उगली मंडल उगली, ग्राम कान्हीवाड़ा मंडल कान्हीवाड़ा के समस्त सक्ति केंद्र एंव बूथ समिति के कार्यकर्ताओं की बैठक में हमारे नेता मंडला लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी लोकप्रिय प्रत्याशी फग्गनसिंह कुलस्ते एंव विधानसभा क्षेत्र केवलारी पूर्व विधायक राकेश पाल सिंह बैठक में सामिल हुये।कार्यक्रम को प्रारंभ सर्वप्रथम हमारे पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी एवं भारत माता,पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की छाया चित्र पर पूजन एवं माल्यार्पण कर किया।हमारी संस्कृति के अनुरूप दीप ज्योति प्रज्वलित कर कार्यक्रम को प्रारंभ किया।कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं को संबोधित किया एवं हमारे नेता भारतीय जनता पार्टी के अधिकृत प्रत्याशी लोकप्रिय उम्मीदवार फग्गनसिंह कुलस्ते के संबोधन की सुना।राकेश पाल सिंह ने संबोधित करते हुए कहा हमारे आगामी बोटिंग दिनांक 19/05/2024 को अपने बूथों में लगकर अपने बूथ को विजय बनाकर देश के यशश्वी प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी की सरकार एंव भारतीय जनता पार्टी की सरकार को मजबूती प्रदान करना हैं।इस कार्यक्रम में भारतीय जनता पार्टी के देव तुल्य कार्यकर्ताओ की उपस्थिति रहीं हैं।

सिवनी बार एसोसिएशन के पदाधिकारी तीन साल तक नहीं लड़ सकेंगे चुनाव

सिवनी यशोः- हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमठ व न्यायमूर्ति विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने सिवनी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। इसके तहत न्यायालय में एक माह तक पैरवी के लिए उपस्थित होने पर रोक लगा दी है। युगलपीठ ने पदाधिकारियों को आगामी तीन सालों से बार एसोसिएशन के किसी भी चुनाव लडने के लिए अपात्र घोषित किया है।

उल्लेखनीय है कि हाई कोर्ट द्वारा अधिवक्ता की प्रदेश व्यापी हड़ताल को संज्ञान में लेते हुए मामले की सुनवाई जनहित याचिका के रूप में करने के आदेश दिए थे। याचिका की सुनवाई के दौरान युगलपीठ को बताया गया कि सिवनी में नये न्यायालय परिसर के लिए आवंटित की गई जमीन का अधिवक्ता विरोध कर रहे थे।

सिवनी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को कारण बताओं नोटिस

सिवनी जिला बार एसोसिएशन के आव्हान पर विगत तीन दिनों से अधिवक्ता विधि विरुद्ध स्वरूप न्यायिक कार्य से विरत रहते हुए हड़ताल पर थे। युगलपीठ ने राज्य अधिवक्ता परिषद को कार्यवाही के निर्देश दिए थे। याचिका की सुनवाई के दौरान राज्य अधिवक्ता परिषद की तरफ से युगलपीठ को बताया गया कि सिवनी बार एसोसिएशन के पदाधिकारियों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है।

वाहन की टक्कर से तेंदुआ घायल, लड़खड़ाते नजर आया

सिवनी यशोः- जिले के खवासा वन परिक्षेत्र अंतर्गत नागपुर में गंडाटोला के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से एक तेंदुआ घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए खवासा ले जाया गया। जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना कल देर रात्रि की बताई जा रही है। जिसका एक वीडियो भी सामने आया है जिसमे तेंदुआ लड़खड़ाते हुए नजर आ रहा है।

टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है

वन परिक्षेत्र अधिकारी आशीष पांडे का कहना है की तेंदुए को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी और मौके से फरार हो गया। घटना की वन अमला जांच कर रहा है और टक्कर मारने वाले वाहन का पता लगाने का प्रयास किया जा रहा है।

तेंदुआ को उपचार हेतु वन स्टाफ सेंटर खवासा भेजा गया है

बीते 19 व 20 मार्च की दर यानी रात लगभग 11.30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 में एक अज्ञात वाहन ने रोड पार कर रहे तेंदुआ को जोरदार टक्कर मार दी जिससे तेंदुआ बूरी तरह से घायल हो गया। घटना की सूचना स्थानीय लोगों द्वारा वन विभाग को दी गई, जिस पर मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम के द्वारा तेंदुआ को उपचार हेतु वन स्टाफ सेंटर खवासा भेजा गया है। जहां उपचार जारी है।

आचार संहिता के दौरान बरघाट पुलिस द्वारा अवैध शराब पर कार्यवाही

सिवनी यशोः- पुलिस अधीक्षक महोदय सिवनी श्री राकेश कुमार सिंह द्वारा अवैध गतिविधियों के नियंत्रण व वैधानिक कार्यवाही करने के निर्देश अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री जी डी शर्मा एवं समस्त अनुविभागिय अधिकारी (पुलिस) को दिये गये है।

इसी तारतम्य में अनुविभागीय अधिकारी पुलिस बरघाट श्री ललित गठे के द्वारा थाना प्रभारी बरघाट को कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया। जिसके पालन में दिनांक 17/03/2024 को अवैध शराब परिवहन की मुखबिर सूचना पर थाना प्रभारी बरघाट निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस द्वारा थाना स्तर पर टीम बनाया जाकर टीम को मुखबिर द्वारा बताये गये स्थान पर रवाना किया गया जो गठित टीम द्वारा ग्राम कुडोपार के आगे तुमडी टोला का पटबर्रा पहुंचने पर सामने से एक सफेद रंग का अल्टो कार क्रमांक M.P.22 C 8430 आता दिखाई दिखा जिसे संदेह के आधार पर हमराह स्टाफ के मदद से रोककर चालक से नाम पता पूछा गया जो चालक अपना नाम जीतराज उर्फ जितेन्द्र उर्फ जितू रंगारे पिता शंकर रंगारे उम्र 35 साल निवासी खुर्सीपार खुर्द थाना बरघाट जिला सिवनी का होना बताया जो वाहन की तलाशी के दौरान कार की डिक्की मे खाकी रंग के 7 कार्टून मिले जिन्हे गवाहनों के समक्ष खोलकर देखा गया। जो 06 कार्टूनों मे 180 एम एल. देशी प्लेन शराब की 50-50 क्वार्टर शीलबंद हालात मे कुल 300 क्वार्टर मिले। इस प्रकार 300 क्वार्टर में कुल शराब 54,000 एम.एल. शराब (54 लीटर शराब) कीमती करीबन 18000/- रू. तथा एक कार्टून मे 180 एम. एल. के देशी मसाला शराब के 50 क्वार्टर शीलबंद हालात मे मिले, इस प्रकार 50 क्वार्टर मे 9,000 एम.एल शराब (9 लीटर शराब) कीमती 4000/- रू. । इस प्रकार कुल जुमला शराब 63,000 एम.एल. (कुल 63 लीटर शराब) तथा कुल जुमला कीमती 22000/- रू. शीलबंद हालात मे मिले। जो उक्त व्यक्ति से उपरोक्त शराब के सबंध मे कोई वैध दस्तावेज मांगा जो किसी भी प्रकार के कोई दस्तावेज नही होना बताया आरोपी उक्त का कृत्य 34(2) आबकारी ऐक्ट का पाये जाने से आरोपी के विरूध्द अपराध पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

जप्त शराब - कुल 63 लीटर अंग्रेजी शराब कीमती 22000 रूपये एवं एक अल्टो कार कीमती 03 लाख रू कुल जुमला 03 लाख 22 हजार रू

आरोपीः- जीतराज उर्फ जितेन्द्र उर्फ जितू रंगारे पिता शंकर रंगारे उम्र 35 साल निवासी खुशीपार खुर्द थाना बरघाट जिला सिवनी

सराहनीय कार्यः थाना प्रभारी बरघाट निरीक्षक मोहनीश सिंह बैस, उनि. श्रीचंद मरावी, आर. 593 मुकेश नवरेती, आर. 249 राजेन्द्र कटरे, आर0 251 विमल, चालक, आर0783 केशरी ऐडे की मुख्य भूमिका रही।

कन्या महाविद्यालय में जीवन शैली को दर्शाते हुए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया

सिवनी यशोः- पर्यावरण शिक्षण कार्यक्रम, पर्यावरण वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय भारत सरकार के तत्वाधान में नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी की हरित कोर इकाई इको क्लब द्वारा आज गौरैया दिवस के उपलक्ष में सतत जीवन शैली को दर्शाते हुए एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की छात्राओं ने प्रभारी डॉ. रुचिका यदु के नेतृत्व में जैव विविधता संरक्षण विषय पर चित्रकला प्रस्तुत की तथा ऊर्जा संरक्षण विषय पर नारा लेखन कर प्रदर्शित किया। महाविद्यालय की हरित कोर इकाई द्वारा पर्यावरण कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन विगत माह से किया जा रहा है। इसी के अंतर्गत महाविद्यालय की हरित कोर इकाई द्वारा कार्यशालाओं का आयोजन किया गया जिनका विषय था ÷पुराने कपड़ों का पुनर्चक्रण कर सामग्री बनाना÷ तथा ÷पेपर मैशी कला÷ के माध्यम से विभिन्न कलात्मक वस्तुएं बनाना सीखना। इन कार्यशालाओं का मुख्य उद्देश्य अपशिष्ट का प्रयोग कर नई वस्तुएं बनाना सीखना था। आज प्रदर्शनी में छात्राओं ने पुराने कपड़ों से विभिन्न प्रकार के बैग, पाउच एवं थैली बनाकर प्रदर्शित किए, इसके साथ ही महाविद्यालय में उत्पन्न होने वाले कागज के अपशिष्ट का प्रयोग कर छात्राओं ने पेपर मैशी की कला से सुंदर-सुंदर कलाकृतियां बनाकर प्रदर्शित की जैसे गांधी जी की मूर्ति, शिवलिंग, पुष्पवास, फ्रिज मैग्नेट, फ्लावर पॉट, पेन स्टैंड इत्यादि। इन सभी कार्यक्रमों का मुख्य उद्देश्य छात्राओं में बदलते पर्यावरण के दुष्प्रभाव को समझ कर सतत विकास की ओर एक कदम बढ़ाना है। प्रभारी डॉ. रुचिका ने कहा सभी कार्यक्रमों के माध्यम से छात्राओं को सतत जीवन शैली अपनाने हेतु प्रेरित करना है ताकि वह आने वाले समय में समाज को जागृत कर सतत जीवन की ओर अग्रसर हो सके। उनका यह एक कदम पर्यावरण के दुष्प्रभाव को समझते हुए अपने उत्तरदायित्व का निर्वहन करना है। उन्होंने कहा बदलते वातावरण एवं बढ़ाते हुए प्रदूषण का दुष्प्रभाव गौरैया की जनसंख्या पर भी दिख रहा है। अतः हम सब का उत्तरदायित्व अपने आसपास के वातावरण एवं उसमें रहने वाले जीव जंतुओं के प्रति संवेदना प्रकट करना भी है। इसीलिए आज के समय में गिरती हुई गौरैया की संख्याओं को बढ़ाने हेतु सभी को आने वाले मौसम को ध्यान में रखते हुए अपनी-अपनी छत पर पानी एवं दाने की व्यवस्था करने का आग्रह किया। पर्यावरण को बचाना आज की आज के समय का प्रमुख उद्देश्य होना चाहिए। सभी कार्यक्रम महाविद्यालय की प्राचार्य एवं संरक्षिका प्रो. अमिता पटेल के सफल मार्गदर्शन में संपन्न हुए। इसके साथ ही महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक प्रो. पन्नालाल सनोड़िया एवं श्रीमती कल्पना इंग्ले के आशीष से सफल हुए। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु इको क्लब सह प्रभारी डॉ. शेषराव नवांगे, डॉ डिंपल डेहरिया एवं श्रीमती अनीता कुल्हाड़े का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम में कु. पायल रघुवंशी, सुश्री आयशा खान, सुश्री आमना फिरदौस, सुश्री रिमशा अंसारी, कु. निशा सोनी, कु. खुशी तिवारी, सुश्री अल्फिया, कु. शिवानी बोपचे, कु. उपासना करवेति ने अपना सहयोग दिया।

रूद्र गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन

सिवनी यशोः- प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व-विद्यालय सिवनी के द्वारा साकार सिटी शिव मंदिर के सामने, क्लबहाउस के गार्डन में रुद्र गीता ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। जिसके अंतिम दिवस पर योग शक्ति गीता दीदी जी ने ज्ञान यज्ञ का सही अर्थ बताते हुए कहा कि यदि ग्रहस्थ में रहते हुए अपनी कमियों, कमजोरीयों जैसे ईर्ष्या, द्वेष, नफरत ,घृणा,बैर को अपने जीवन से निकाल ,सर्व मानव मात्र के प्रति शुभभावना और शुभकामना रखने की प्रतिज्ञा कर , इसका दृढ़ता से पालन करें, तो गृहस्थ जीवन सुख शांति से भरपूर रहेगा। ब्रह्मा कुमारीज की जिला प्रभारी आदरणीय ब्रह्माकुमारी ज्योति दीदी जी ने समय की नाजुकता का एहसास कराते हुए कहां वर्तमान समय हम स्वयं की उन्नति पर ध्यान दें ,परदर्शन और परचिंतन मे अपना समय व्यर्थ ना गवाएं। द्वारका नगर के पार्षद चंदन खताबिया जी ने ज्ञान यज्ञ को सुनकर इस यज्ञ की बहुत सराहना की । इस कार्यक्रम का लाभ शहर के सैकड़ो लोगों ने लिया और सभी ने यज्ञ के सही अर्थ को समझा और मन में भरी हुई भ्रांतियां से निजात पाया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी, डिंडौरी एवं जबलपुर में जनसभाओं को संबोधित किया, सीधी में पार्टी प्रत्याशी का नामांकन जमा कराया

राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा बन गई कांग्रेस छोड़ो यात्रा

यात्रा में आगे-आगे कांग्रेस के भाई साहब, पीछे-पीछे फुल स्टॉप

इस चुनाव में एक तरफ सबका भला करने वाले, दूसरी तरफ सबको लूटने वाले

जिन्होंने राम को ठुकराया, अब जनता उन्हें ठुकराएगी

- डॉ. मोहन यादव

सीधी। कांग्रेस के लोगों ने सुप्रीम कोर्ट में भगवान राम के अस्तित्व पर सवाल उठाए। वो पूछते थे- भगवान राम कहां पैदा हुए? सुप्रीम कोर्ट का फैसला आने के बाद भी ये नहीं माने। इन्होंने अयोध्या में भगवान राम के मंदिर के शिलान्यास पर भी सवाल उठाए। इन्होंने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकरा दिया। अब देश-प्रदेश की जनता इन्हें सबक सिखाएगी। इन्होंने राम को ठुकराया, अब जनता इनके प्रत्याशी को ठुकराएगी। यह बात मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी में पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्र की नामांकन सभा को संबोधित करते हुए कही। सभा को उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल, प्रदेश सरकार के मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, श्रीमती रीति पाठक सहित अन्य नेताओं ने भी संबोधित किया। सभा के उपरांत में मुख्यमंत्री डॉ. यादव नामांकन रैली में शामिल हुए और पार्टी प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्रा का नामांकन जमा कराया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी, डिंडौरी एवं जबलपुर में जनसभाओं को संबोधित किया।

कांग्रेस में कोई चुनाव लड़ने को तैयार नहीं

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरे देश और मध्यप्रदेश में लगभग दो दलीय व्यवस्था है और भाजपा के सामने कोई न कोई कांग्रेस का प्रत्याशी ही आता रहा है। सीधी में आज हमारा जोरदार शुभारंभ हो रहा है और पार्टी प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्र भगवान श्रीराम का आशीर्वाद लेकर अपना नामांकन जमा कर रहे हैं। लेकिन कांग्रेस का कोई प्रत्याशी मैदान में नहीं आया। कांग्रेस की अभी से ये हालत है और पूत के पांव पालने में ही दिखाई देने लगे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में 29 लोकसभा सीटें है लेकिन कांग्रेस में बड़े से बड़े नेता चुनाव लड़ने को तैयार नहीं हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि कांग्रेस ने पद यात्रा निकाली, लेकिन यह यात्रा जहां-जहां से निकली, लोग कहते हैं वह कांग्रेस छोड़ो यात्रा बन गई। जिस रास्ते से कांग्रेस के नेता आगे गए, लोग कांग्रेस छोड़ते चले गये। आगे-आगे कांग्रेस के भाईसाब और पीछे-पीछे फुल स्टॉप। शायद इस स्थिति को समझते हुए ही भाईसाहब का रास्ता छोटा रखा गया था।

भाजपा वो पार्टी, जिसका नेतृत्व अटलजी जैसे नेता ने किया

डॉ. यादव ने कहा कि जनसंघ के जमाने से स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी खाटी नेता रहे। उन्होंने एक सामान्य व्यक्ति के रूप में अपना जीवन शुरू किया, लेकिन उनके असामान्य व्यक्तित्व को सारी दुनिया ने देखा और महसूस किया है। अपने जीवन का क्षण-क्षण और शरीर का कण-कण देश सेवा के लिए समर्पित करने वाले स्व. अटल बिहारी वाजपेयी विपक्ष के नेता रहे। उनके समय में कांग्रेस के 5-5 प्रधानमंत्रियों का कार्यकाल निकला, लेकिन वो लेश मात्र भी कभी घबराये नहीं, लेश मात्र भी कभी चिंता नहीं की। वो अपने सिद्धांतों के साथ अडिग चट्टान की तरह खड़े रहे। भारतीय जनता पार्टी ऐसे नेता की पार्टी है। हम उस पार्टी के लोग हैं जिसका नेतृत्व स्व. अटल बिहारी वाजपेयी जी जैसे नेता ने किया।

ये चुनाव भला करने वालों और लूटने वालों के बीच है

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पूरी दुनिया अगर भारत को जानती है तो उसके दर्शन के कारण जानती है, भारत की मानवता पर आधारित नीतियों के कारण जानती है। इसलिए हमारी अच्छाई और सच्चाई के आधार पर हजारों साल से लोग भारत को विश्वगुरू के रूप में देखते रहे हैं। काल के प्रवाह में कई लोगों ने हम पर आक्रमण किए, कई लोग लूटने आए, लेकिन दुनिया जानती है कि हमने अपना रास्ता नहीं बदला। भारत के लोग नहीं बदले। इसलिए इकबाल ने लिखा है कि-कुछ बात है कि हस्ती मिटती नहीं हमारी। हम तो उस देश के वासी हैं जहां भगवान श्रीराम, भगवान श्रीकृष्ण और ऐसे तमाम ऋषि-मुनियों ने अपने जीवन से मानवता को स्थापित करके दिखाया। इसलिए हमारे यहां माना जाता है-वसुधैव कुटुंबकम। सर्वे भवंतु सुखिनः सर्वे संतु निरामयः। हम सब में बांट देने वाले ऋषियों की संतानें हैं, जिन्होंने दुनिया का सदैव भला किया। लेकिन इस चुनाव में एक तरफ भला करने वाले और दूसरी तरफ लूटने वाले लोग हैं। एक तरफ अच्छाई बांटने वाले और दूसरी तरफ सच्चाई छिपाने वाले लोग। एक तरफ वो सारे लोग जो भारत की अच्छाइयों को नकारते हैं, जो हमारी संस्कृति को नकारते हैं, जो भाई को भाई से लड़ाना जानते हैं, जिनके लिए कुर्सी ही सब कुछ है। दूसरी तरफ वो लोग हैं, जो भारत की सनातन परंपरा को वैश्विक पटल पर लहराने के लिए काम कर रहे हैं।

कांग्रेसी भी कह रहे 'अबकी बार, 400 पार'

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत की पहचान विश्व में एक मजबूत राष्ट्र के रूप में बनी है। प्रधानमंत्री जी ने जीवन का ऐसा कोई क्षेत्र नहीं छोड़ा है, जहां विकास न हुआ हो। लगातार दो कार्यकालों में देश का नेतृत्व करने के बाद अब प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी तीसरी बार सरकार बनाने की तरफ बढ़ रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि यह बात सिर्फ भाजपा के लोग नहीं कह रहे, बल्कि लोकसभा में कांग्रेस के नेता भी इसे स्वीकार कर चुके हैं। अबकी बार-400 पार का हमारा नारा अब कांग्रेस के लोग लगा रहे हैं। डॉ. यादव ने कहा कि हमने विधानसभा चुनाव के समय नारा दिया था कि 'मध्यप्रदेश के मन में मोदी और मोदी के मन में मध्यप्रदेश'। आज वह नारा हर तरफ साकार होता दिखाई दे रहा है। प्रदेश में जब से हमारी सरकार बनी है, लगातार विकास के काम हो रहे हैं। विकास का यह सिलसिला चलता रहे, इसके लिए केंद्र में फिर मोदी सरकार बनना जरूरी है।

मुख्यमंत्री ने लोकसभा प्रत्याशी का नामांकन दाखिल कराया

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी लोकसभा प्रत्याशी डॉ. राजेश मिश्र का नामांकन जमा कराया। इस अवसर पर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, प्रदेश शासन के मंत्री श्री प्रहलाद पटेल एवं धौहनी विधायक श्री कुंवर सिंह टेकाम उपस्थित रहे।

ढोल नगाड़ों और नृत्य के बीच निकाला रोड शो

मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव, उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ला, कैबिनेट मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, श्रीमती राधा सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष श्री देव कुमार सिंह चौहान सहित सभी नेताओं ने भव्य रथ में सवार होकर विशाल रोड शो किया, जिसमें परंपरागत लोक नृत्य के बीच ढोल नगाड़े के साथ काफिला छत्रसाल स्टेडियम से लेकर कलेक्ट्रेट तक पहुंचा। काफिले में हजारों समर्थकों एवं लाड़ली लक्ष्मी और लाडली बहनों ने कलश लेकर उनका स्वागत किया।

प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने दिया जनजातीय क्रांतिवीरों को सम्मान

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने सीधी के पश्चात् डिंडोरी जिले के बालपुर में स्थित रानी अवंतीबाई लोधी स्मारक पर श्रद्धांजलि अर्पित की एवं आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज रानी अवंतीबाई लोधी जी का बलिदान दिवस है, हम उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। यह हमारे देश की विशेषता रही है कि हम मातृ सत्ता के आधार पर देश की संकल्पना करते हैं। दुनिया का कोई भी अन्य देश मातृ सत्ता को इतना महत्व नहीं देता। हम अगर भगवान का भी नाम लेते हैं, तो सीताराम, राधेकृष्ण कहते हैं। देश का नाम लेते हैं तो भारतमाता की जय बोलते हैं। हम अपनी वसुधा को ही अपनी माता के रूप में देखते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि मुझे गर्व है कि ऐसी वीरांगनाओं की लंबी श्रृंखला हमारे पास जिन्होंने अपने देश और संस्कृति को बचाने के लिए सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। रानी दुर्गावती, रानी अवंती बाई झांसी की रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं ने अपने बलिदान से देश को गौरान्वित किया है। डॉ. यादव ने कहा कि इस भूमि ने हमेशा शौर्य और पराक्रम का सम्मान किया है। हम इस भूमि को नमन करते हैं। डॉ. यादव ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने जनजातीय वीरांगनाओं और क्रांतिवीरों को जो सम्मान दिया, समाज की बेहतरी के लिए जो कदम उठाए, उसके लिए मैं उनका धन्यवाद करता हूं। उन्होंने कहा कि मुझे खुशी है कि मध्यप्रदेश में जब हमारी सरकार बनी, तो हमने पहली कैबिनेट की मीटिंग जबलपुर में की, जो रानी दुर्गावती और रानी अवंतीबाई वीरांगनाओं को समर्पित थी। कार्यक्रम को पार्टी प्रत्याशी व केंद्रीय मंत्री श्री फग्गनसिंह कुलस्ते, प्रदेश शासन के मंत्री श्री प्रहलाद पटेल, श्रीमती संपतिया उइके, पूर्व विधायक श्री जालम सिंह पटेल एवं श्री कोकसिंह नरवरिया ने भी संबोधित किया।

सीधी एवं डिंडोरी में कई कांग्रेसी हुए भाजपा में शामिल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के समक्ष सीधी में कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री लालचंद गुप्ता, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री कन्हैया सिंह चौहान ने अपने हजारों समर्थकों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। वहीं डिंडोरी कांग्रेस के वरिष्ठ नेता श्री रेवा शंकर पाण्डे, श्री डिंपल दीक्षित, लक्ष्मी तिवारी सहित 40 से अधिक कांग्रेसियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

सीधी में आयोजित कार्यक्रम में पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष श्री कांति देव सिंह, प्रदेश महामंत्री एवं संभागीय संगठन प्रभारी श्री रणवीर सिंह रावत, प्रदेश मंत्री एवं जिला संगठन प्रभारी श्री राजेश पांडे, सिंगरौली जिला संगठन प्रभारी प्रज्ञा त्रिपाठी, सिंगरौली जिला अध्यक्ष श्री राम सुमिरन गुप्ता, विधायक श्री कुंवर सिंह टेकाम, श्री विश्वामित्र पाठक, श्री शरद कोल, श्री रामनिवास शाह, जिला पंचायत अध्यक्ष श्री मंजू राम सिंह मंचासीन रहे।

अंतर्राष्ट्रीय गौरेया दिवस पर क्विज प्रतियोगिता

भोपाल । अंतर्राष्टीय गौरेया दिवस के अवसर पर वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, भोपाल में स्थित स्नेक पार्क पर 'On the spot' क्विज प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें वन विहार में भ्रमण करने आए लगभग 115 पर्यटकों ने बड़े उत्साह के साथ भाग लिया। पर्यटकों को पाँच ग्रुप में बाँटकर बर्ड्स (गौरेया) से सम्बन्धित प्रश्न पूछे तथा पूछे गए प्रश्नों पर वार्तालाप कर पक्षियों से संबंधित एवं विश्व में पाई जाने वाली पक्षियों की प्रजातियाँ के बारे में जानकारी दी गई। विशेष तौर पर गौरेया का पर्यावरण में क्या महत्व है यह भी समझाया गया। जिन प्रतिभागियों प्रतियोगिता में अधिकतम सही उत्तर दिए उन्हें पुरूस्कृत किया गया। क्विज का आयोजन संचालक, वन विहार तथा सहायक संचालक, वन विहार के निर्देशानुसार किया गया। श्री रविकांत जैन, इकाई प्रभारी पर्यटन, वन विहर, श्री विजय बाबू नंदवंशी, बायोलॉजिस्ट, वन विहार एवं श्री संकल्प किसनानी उपस्थित रहे।

मतदान को बेहतर ढंग से संपन्न कराने टीम वर्क जरूरी - डॉ. सिडाना

मतदानकर्मियों का चरणबद्ध प्रशिक्षण प्रारंभ

मंडला यशोः- लोकसभा आम निर्वाचन 2024 की तैयारियों के तहत मतदानकर्मियों का प्रारंभिक प्रशिक्षण स्थानीय उत्कृष्ट विद्यालय में आयोजित किया गया जिसमें मतदानकर्मियों को मतदान केन्द्र प्रबंधन, ईव्हीएम मशीन का संचालन, मॉकपोल, टेगिंग आदि के संबंध में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण करते हुये संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये।

मतदानकर्मियों को संबोधित करते हुये कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना ने कहा कि निर्वाचन से संबंधित प्रत्येक कार्य महत्वपूर्ण होते हैं जिनमें किसी भी प्रकार की लापरवाही के लिये कोई स्थान नहीं है, किन्तु मतदान केन्द्र में जाकर वोटिंग की सम्पूर्ण कार्यवाही को बेहतर ढंग से सम्पादित करना सर्वाधिक महत्वपूर्ण कार्य होता है। थोड़ी सी चूक और लापरवाही नुकसानदायक साबित होती है। उन्होंने कहा कि सभी लोग पूरी प्रक्रिया को समझें। ईव्हीएम मशीन संचालित करें। मॉकपोल करके देखें। प्रशिक्षण के दौरान अपनी शंका और जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त करें। कलेक्टर ने कहा कि प्रत्येक कर्मचारी मतदान दिवस की पूरी प्रक्रिया को समझें और सौंपे गये कार्य को एक टीम के रूप में पूरा करें। मतदान की प्रक्रिया को बेहतर ढंग से सम्पादित करने के लिये टीम वर्क जरूरी है। उन्होंने मास्टर ट्रेनर्स को प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को ईव्हीएम मशीन की संचालन प्रक्रिया सीखने के लिये पर्याप्त अवसर प्रदान करने के निर्देश दिये। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्रेयांश कूमट, सहायक कलेक्टर रवि कुमार सिहाग सहित संबंधित उपस्थित रहे। मतदानकर्मियों का यह प्रशिक्षण 21, 22 एवं 24 मार्च 2024 को भी आयोजित किया जाएगा।

बोरियों एवं डिब्बों में भरा 1800 किलो महुआ लाहन व 75 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त

बालाघाट। मदिरा का अवैध रुप से निर्माण, संग्रहण एवं विक्रय कर रहे लोगों के विरुद्ध गुरुवार को आबकारी वृत कटंगी में जिला स्तरीय उड़नदस्ता द्वारा संयुक्त कार्यवाही की गई। कार्यवाही में ग्राम पांडरवानी, एरवाटोला एवं हरदौली के जंगल में तालाब के किनारे अलग-अलग स्थानों से बोरियों एवं डिब्बो में भरा हुआ लगभग 1800 किलो लाहन जब्?त किया गया। साथ ही रबर ट्यूबो व प्लास्टिक के डिब्बों में भरी हुई 75 लीटर हाथ भट्टी मदिरा जप्त कर 03 प्रकरण मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 34 (1) के तहत पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गया। सेम्पल लेकर शेष लाहन मौके पर नष्ट किया गया । जप्त सामग्री का बाजार मूल्य 1,91,250 रूपये बताया गया। कार्यवाही मे सहायक जिला आबकारी अधिकारी सुभाष चंद्र जोशी, उपनिरीक्षक संदीप श्रीवास, उपनिरीक्षक (परि.) कौष्तुभ नेताम, उपनिरीक्षक(परि.) ज्योति सोनी, मुख्य आरक्षक डीएस उईके, टीकाराम शरणागत उपस्थित रहे ।

मंडला लोकसभा के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक नाडिग विश्वास मंडला पहुँचे

मंडला यशोः- लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत् भारत निर्वाचन आयोग से मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक नाडिग विश्वास बुधवार की सुबह मंडला पहुँचे। सर्किटहाउस में कलेक्टर डॉ. सलोनी सिडाना एवं पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा सहित अन्य अधिकारियों ने उनका स्वागत किया। श्री विश्वास सर्किटहाउस मंडला में रूके हुए हैं जिनका मोबाईल नंबर 9131639048 है। निर्वाचन संबंधी विषयों के लिए आमजन प्रातः 10 से 11 बजे के मध्य व्यय प्रेक्षक से सर्किटहाउस के हॉल में मिल सकते हैं।

जीपीएस की कार्यवाही हेतु नोडल अधिकारी नियुक्त

मंडला यशोः- लोकसभा निर्वाचन 2024 के अंतर्गत प्रत्येक मतदान दलों एवं सेक्टर ऑफिसर के वाहनों में ईव्हीएम, व्हीव्ही पेट लाने एवं ले जाने वाले प्रत्येक वाहन पर जीपीएस आधारित ट्रेकिंग सिस्टम का उपयोग सुनिश्चित कराने के लिए संयुक्त कलेक्टर ऋषभ जैन को जिला स्तरीय नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है। नियुक्त नोडल अधिकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल से प्राप्त निर्देशों के अनुक्रम में ईव्हीएम, व्हीव्हीपेट के परिवहन में प्रयुक्त होने वाले सभी वाहनों की जानकारी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी म.प्र. भोपाल एवं वेण्डर को उपलब्ध कराते हुए प्रत्येक वाहन पर लगवाने एवं जिला स्तर पर वाहनों की ट्रेकिंग हेतु कंट्रोल रूम स्थापित कराकर जीपीएस आधारित ट्रेकिंग सिस्टम कार्य की मॉनीटरिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करावेंगे।

प्रथम दिवस जिले में एक भी नामांकन नहीं

मंडला यशोः- लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के तहत निर्वाचन की अधिसूचना की घोषणा होने के साथ ही नामांकन की प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। नामांकन के प्रथम दिवस 20 मार्च को मण्डला संसदीय क्षेत्र में एक भी अभ्यर्थी द्वारा नामांकन पत्र प्रस्तुत नहीं किया गया। नामांकन जमा करने की अंतिम तिथि 28 मार्च 2024 नियत है।

आज के प्रशिक्षण स्थल में परिवर्तन

मंडला यशोः- 22 मार्च 2024 को उत्कृष्ट विद्यालय में होने वाला मतदान दलों के दोनों पालियों का प्रशिक्षण निर्मला कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थियों की बैठक व्यवस्था पूर्व में जारी आदेश के अनुसार ही रहेगी। शेष प्रशिक्षण पूर्व में जारी आदेश के अनुसार ही आयोजित किए जाएंगे।

होली के रंग

नन्ही भव्या सोच रही थी,
कब आएगी होली,
रंगों से खेलने जब, निकलेगी
बच्चों की टोली।
मुझे सबको प्यार से, लाल रंग
बरसाना है
दुनियाँ के सारे रंगों से,
सबको यूँ सजाना है।
बहुत सारे होंगे रंग, मैं सबको
रंग लगाऊँगी
इस प्यार के रंग में, थोड़ा सा रंग जाऊँगी।
मुझे जाना बाल-टोली संग, सबको रंग
लगाने
गली-गली में हुरदंग होगा, रंगों
की धूम मचाने।
लाल-गुलाल से आँगन,बगियाँ
सा खिल जाएगा
विभिन्न प्रकार के रंगों से, हर
चेहरा मुस्कायेगा।
रंग-बिरंगे चेहरे होंगे,कुछ उजले
कुछ रंगे होंगें
चितरंगी होगी चोली, ऐसी
मौज भरी है होली।

श्याम कुमार कोलारे
चारगांव प्रहलाद, छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

राजनीतिक दलों ने देखी ईवीएम मशीनों के प्रथम रेंडमाइजेशन की प्रक्रिया जिला निर्वाचन अधिकारी और राजनीतिक दलों ने स्ट्रॉग रूम का किया अवलोकन

बालाघाट। आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के तहत गुरुवार को ईवीएम मशीनों के सम्बंध में महत्वपूर्ण गतिविधि आयोजित हुई। इस गतिविधि में 19 अप्रैल को होने वाले मतदान के लिए उपयोग में लायी जाने वाली ईवीएम मशीनों का प्रथम रेंडमाइजेशन राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा के निर्देशन में हुए प्रथम रेंडमाइजेशन में विधानसभाओं को ईवीएम मशीनें आवंटित की गई है। यह रेंडमाइजेशन आयोग के बने विशेष व सुरक्षित साफ्टवेयर के माध्यम से किया गया। उपजिला निर्वाचन अधिकारी श्री केसी ठाकुर ने बताया कि आयोग के निर्देशानुसार जिले में स्थापित 1675 मतदान केंद्रें के लिए 120-120 प्रतिशत बीयू, सीयू तथा 130 प्रतिशत 2177 वीवीपेड का रेंडमाइजेशन किया गया। अब जिले के 1675 मतदान केंद्रो के लिये 2010 बीयू व 2010 सीयू तथा 2177 वीवीपेट 6 विधानसभाओं के लिये आवंटित हो गई है। इसके पश्चात डीईओ डॉ. मिश्रा व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने विधानसभावार आवंटित ईवीएम मशीनों की कार्यवाही का अवलोकन भी किया।

कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, एसपी श्री समीर सौरभ और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने गुरुवार को पॉलीटेकनिक स्थित स्ट्रॉग रूम का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीईओ डॉ. मिश्रा ने सीसीटीवी कैमरे की जांच करते हुए निर्देश दिए कि इसका बेकअप व्यवस्थित रूप से संधारित किया जाए।वहीं पॉलीटेक्नीक कॉलेज में चल रहे सिविल कार्यो को जल्द से पूर्ण करने को कहा गया है। पूरे परिसर को साफ व स्वच्छ कर बिजली की हर समय उपलब्धता के साथ यह सुनिश्चित किया जाना है कि ट्रिपिंग के समय तत्काल जनरेटर अपना कार्य प्रारंभ कर दे। वहीं एफएलसी कक्ष का अवलोकन करते हुए व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए है। इस दौरान भाजपा से सुमित यादव, संजय खंडेलवाल, आम आदमी पार्टी के अरविंद चौधरी, कांग्रेस के श्याम पंजवानी व अन्य दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

शांति समिति की बैठक संपन्न

मंडला यशोः- होली, चैतीचांद, गुड फ्राईडे एवं ईद उल फितर त्यौहार के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर कलेक्टर राजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि जिलेवासी आगामी होली, चैतीचांद, गुड फ्राईडे एवं ईद उल फितर सहित अन्य त्यौहार को शांति एवं सामाजिक सद्भाव के साथ मनाएं। बैठक में संयुक्त कलेक्टर हुनेन्द्र घोरमारे, एसडीओपी अर्चना अहीर सहित अन्य जनप्रतिनिधि, संबंधित अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

अपर कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार सिंह ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का पूर्णतः पालन करें तथा धार्मिक कार्यक्रम में ध्वनि प्रदूषण पर पर्याप्त नियंत्रण रखें। साथ ही वातावरण को भी सकारात्मक रखें। होलिका दहन मुख्य मार्गो पर अथवा सार्वजनिक चौराहों के बीच में न करें। होलिका दहन से बिजली एवं टेलीफोन के तार को नुकसान न हो। अंजान व्यक्ति पर जबरन रंग या गुलाल न डालें। आपत्तिजनक नारेबाजी, उद्घोष न करें। विधिवत अनुमति प्राप्त कर ही निर्धारित मार्ग से ही रैली, जुलूश निकालें। आवागमन अवरूद्ध न होने दें। बैठक में अपर कलेक्टर ने आकस्मिक चिकित्सा व्यवस्था हेतु एम्बूलेंस, पैरामेडीकल टीम तथा फायरब्रिगेड तैनात रखने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। अपर कलेक्टर श्री सिंह ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि पर्व के दौरान नगर की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें, अतिरिक्त जल प्रदाय करें तथा विद्युत कटौती न करें।

दीवार-लेखन के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा

मंडला यशोः- भारत निर्वाचन आयोग ने लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के लिए निर्वाचन कार्यक्रम घोषित कर दिया है। मंडला जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों में आगामी 19 अप्रैल 2024 को मतदान संपन्न होगा। जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। जिससे जिले के मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर सकें। जिले में दीवार-लेखन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

मतदाता जागरूकता के लिए दिलाई जा रही शपथ

मंडला यशोः- जिला प्रशासन द्वारा जिले में लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदान प्रतिशत दर्ज कराने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता गतिविधियों आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में ग्राम घटेरी, बिचुआ, नारायणगंज तथा बीजाडांडी सहित आदि ग्रामों में मैदानी अमले द्वारा मतदाता को उनके मताधिकार की जानकारी देते हुए उन्हें अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही मतदाताओं को मतदान करने के लिए शपथ भी दिलाई गई।

अधिसूचना जारी होने के पहले दिन 25 अभ्यर्थियों ने लिए नाम निर्देशन पत्र

आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत पहले चरण के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अधिसूचना बुधवार को जारी हो गई है।

बालाघाट। आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत पहले चरण के निर्वाचन क्षेत्रों के लिए अधिसूचना बुधवार को जारी हो गई है। अधिसूचना जारी होने के पहले दिन ही रिटर्निंग अधिकारी निर्वाचन क्षेत्र-15 बालाघाट डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने 25 अभ्यर्थियों से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये है। इनमें भारतीय जनता पार्टी से श्रीमती भारती पारधी, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से प्राप्त करने वाले अभ्यर्थियों में श्री सम्राट अशोक सिंह सरसवार, श्री कंकर मुंजारे, सुश्री हीना कावरे व धनंजय देशमुख तथा पीपुल्स् पार्टी ऑफ इंडिया डेमोक्रेटिक की ओर से श्री धनीलाल मानेश्वर, श्री दिलीप कुमार, श्री कागुराम बाहेश्वर, श्री अमरसिंह मर्सकोले, भारतीय शक्ति चेतना से श्रीमती प्रियंका भंडारकर, रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया से अधिवक्ता रोशनलाल तुरकर व अधिवक्ता रामबिहारी शुक्ला, मप्र जनविकास पार्टी से श्री सत्यनारायण शुल्के तथा निर्दलीय प्रत्याशियों में सम्राट अशोक सिंह सरसवार, अधिवक्ता सुजीत कश्यप, मीर हामिद अली, रवि सेमसन, मंजुर खान, डॉ. मिरश्याम लिल्हारे, मोहन कुमार राउत, भुवनसिंह कोराम, सुकचंद उइके, भरतलाल मडावी, विकासकिर्ती बौद्ध और रघुवीर सिंह रहांगडाले शामिल है।

दिव्यांग व 85 वर्ष से अधिक आयु के मतदाताओं के घर मतदान केंद्र बनाया जाएगा चलित मतदान दलों का जिला पंचायत में हुआ प्रशिक्षण

इसके बाद चलित मतदान केंद्र बनाए जाने के लिए आयोग के निर्देशानुसार दल पहुँचेगा।

बालाघाट । आम लोकसभा निर्वाचन-2024 में हर एक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करना सुनिश्चित कर सकें। इसके लिए निर्वाचन आयोग ने ऐसे मतदाता जो 85 वर्ष से अधिक आयु के है तथा जो दिव्यांग है। जो मतदान के दिन मतदान केंद्र तक नही जा सकते है। ऐसे मतदाताओं के घर पर मतदान दल पहुँचकर मतदान कराएगा। जिले में ऐसे 591 कर्मचारियों को इसके लिये बुधवार को जिला पंचायत सभागृह में प्रशिक्षण दिया गया। मास्टर ट्रेनर श्री शरद खंडेलवाल ने प्रशिक्षण देते हुए कहा कि इसकी शुरुआत पटवारियों के माध्यम से प्रारंभ की जा चुकी है। पटवारी मतदाता सूची में लैग किये गए संबंधित मतदाता से सम्पर्क कर उनकी सहमति सुनिश्चित कर रहें है। प्रारूप-12- डी के माध्यम से सहमति के उपरांत नोडल अधिकारी 24 मार्च से पूर्व यह कार्यवाही सुनिश्चित करेगा। इसके बाद चलित मतदान केंद्र बनाए जाने के लिए आयोग के निर्देशानुसार दल पहुँचेगा। प्रशिक्षण में प्रशिक्षण नोडल अधिकारी श्री एके उपाध्याय, तहसीलदार वंदना कुशराम उपस्थित रहे।

चलित मतदान दल में 5 अधिकारी होंगे

मास्टर ट्रेनर श्री खंडेलवाल ने बताया कि ऐसे मतदाता जो घर से मतदान करने की स्वीकृति देते हैं। उनके लिए नियत तिथि पर चलित मतदान केंद्र बनाया जाएगा। नियत तिथि को सम्बंधित बीएलओ, माइक्रो ऑब्जर्वर,पीठासीन अधिकारी और एक मतदान अधिकारी होगा। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी की जाएगी।

बैहर, लांजी, परसवाड़ा में सुबह 7 से 4 बजे तक और बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, बरघाट, सिवनी में 7 से शाम 6 बजे तक होगा मतदान

नाम निर्देशन पत्र के साथ 7 तरह के दस्तावेज प्रस्तुत करना होगा

बालाघाट। बैहर, लांजी, परसवाड़ा में सुबह 7 बजे से 4 बजे तक और बालाघाट, वारासिवनी, कटंगी, बरघाट, सिवनी में 7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा मतदाननाम निर्देशन पत्र के साथ 7 तरह के दस्तावेज प्रस्तुत करना होगाबा आम लोकसभा निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत बुधवार से नाम निर्देशन प्राप्त करने का कार्य प्रारम्भ हो गया है। एआरओ श्री गोपाल सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि किसी अभ्यर्थी को नाम निर्देशन के साथ मुख्य 7 दस्तावेज प्रस्तुत करना होंगे। लोकसभा निर्वाचन 2024 के निर्वाचन कार्यक्रम अनुसार निर्वाचन की सूचना 20 मार्च बुधवार को जारी कर दी गई है। जारी अधिसूचना अनुसार सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने का समय निश्चित किया गया है। जिसमें प्रथम दिवस 25 नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये गये। वहीं नाम निर्देशन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 27 मार्च सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक होगी तथा नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा 28 मार्च को किया जायेगा और संवीक्षा के पश्चात कार्यकालीन समय दोपहर 3 बजे 30 मार्च तक अभ्यर्थिता से वापस ली जा सकेगी। वहीं 30 मार्च को ही प्रतीक चिन्हक आबंटन किया जायेगा। 19 अप्रैल को मतदान एवं 4 जून 2024 को मतगणना होगी। जिसमें विधानसभा क्षेत्र 108-बैहर, 109-लांजी व 110-परसवाड़ा में मतदान प्रातः7 बजे से शाम 4 बजे तक तथा 111-बालाघाट, 112-वारासिवनी, 113-कटंगी, 114-बरघाट, 115-सिवनी में प्रातः7 बजे से शाम 6 बजे तक होगा।

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी
ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297